OFFICE OF DISTRICT SOCIAL WELFARE OFFICER, HISAR

(Social Justice & Empowerment Department, Haryana)

प्रेषकः

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
हिसार।

सेवा में

निदेशक,
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,
हरियाणा चण्डीगढ़।

क्रमांक -5060/ जि0स0क0अ0 / 2016 दिनांक 10/1/17

विषयः वरिष्ठ नागरिक कल्ब की दिसम्बर माह 2016 की रिपोर्ट।

उपरोक्त विषय पर आपको सानुरोध अवगत करवाया जाता हैं कि हर माह में वरिष्ठ नागरिक कल्ब सैक्टर –14 हिसार में प्रतिदिन लगभग 80 वरिष्ठ नागरिकों ने भ्रमण किया तथा विभिन्न प्रकार के मनोरंजन व विभिन्न गति–विधियों में अखबार ,मैगजीन ,टी0वी0 , शतरंज, बैडमिंटन कैरम–बोर्ड इत्यादि का आनंद लिया। सर्दी के बदलते मौसम में भी वरिष्ठों द्वारा योगा किया गया है।

सुबह 6 से 7 तक बजे तक रोजाना 15 से 20 वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कल्ब में योगा किया जाता है और वरिष्ठ नागरिक पूर्ण तरह से व्यस्त व आन्नद पूर्ण जीवन व्यतीत करते हैं

सोशल नेटवर्किंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत सप्ताह में दो दिन मिंटिग होती हैं और इस मिंटिग में ताजा राजनितिक घटना क्रम , सामाजिक व्यवस्था , सामाजिक व नशा मुक्ति इत्यादि बुराईयों को दूर करने पर विचार –विर्मश किया जाता हैं इस दौरान कल्ब के सदस्यों द्वारा निम्नलिखित गति–विधियों में भाग लिया गयाः–

- बेटी–बचाओ बेटी पढ़ाओ।
- नशे से बचाव करना।
- युवा पीढ़ी देश का भविष्य – नेहरू युवा कल्ब केन्द्र हिसार।
- भ्रूण हत्या पाप– कप्तान स्कूल मील गेट हिसार ।
- वृद्धों का सम्मान – गांव रायपुर, मिर्जापुर, नियाणा कार्यक्रम।
- महिलाओं के प्रति सत्कार – फ्युचर प्वांटईट स्कूल मिंगनी खेड़ा हिसार।
- एच0 आई0 वी0 एडस बारे जागरूकता अभियान जिंदल अस्पताल हिसार।
- स्वच्छ भारत मिशन अभियान गांव सलेमगढ़ हिसार ।

Office: DAC Building, Ground Floor Room No. 2, Hisar – 125001 (Haryana) Tel: 01662-225604, Fax: 01662-271041
E-mail: dswohsr@gmail.com website : www.socialjusticehry.nic.in D:\Hindi letters.doc

- शौच मुक्त अभियान के तहत गांव सलेमगढ़ जिला हिसार को शौच मुक्त किया गया व गांव के सभी निवासियों व राजकीय हाई स्कूल सलेमगढ़ में शौच मुक्त/ सफाई अभियान बारे बैठक की गई व बच्चों को स्कूल में शपथ दिलवाई गई व पूरे गांव में सफाई अभियान बारे स्कूल के विधार्थियों/ शिक्षकों व ग्रामवासियों द्वारा गांव में रैली का आयोजन भी किया गया ।

Schedule regarding the implemention of the NALSA Schemes regarding Legal Services to the Victims of Drug abuse and Eradication of Drug Meance Scheme, 2016स्कीम के तहत शहर हिसार में

क्षेत्र	दिनांक
टैक्सी स्टैण्ड नजदीक मटका चौंक हिसार	01.12.2016
स्लम एरिया पुराना सब्जी चौंक हिसार	06.12.2016
जाट कालेज हिसार	08.12.2016
लेबर चौंक सेक्टर 15 हिसार	15.12.2016
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पटेल नगर हिसार	22.12.2016

उपरोक्त क्षेत्रो में माह दिसंम्बर 2016 में नशा मुक्ति, पैंशन, व आम आदमी के कानूनी अधिकारों के बारे में कैम्पों का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी हिसार के कार्यलय से एक कानूनी सलाहकार व P.L.V. व समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधियो द्वारा जनता को जागरूक किया गया।

रिपोर्ट सूचनार्थ आपकी सेवा में प्रेषित है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
हिसार 10.1.16.